**Dainik Jagran, Prayagraj , (UP)**



संगम पर योग करते 101 आरएएफ के अधिकारी व जवान • साभार : आरएएफ

# योग कर स्वस्थ रहने का दिया संदेश

संसू, फाफामऊ : आरएएफ 101 बटालियन के जवानों और अधिकारियों ने शनिवार की सुबह संगम तट पर आजादी के अमृत महोत्सव के तहत योगाभ्यास किया। इस दौरान दौरान अनुलोम- विलोम, प्राणायाम, ताड़ासन, वृक्षासन, घुटना संचालन, भद्रासन, शवासन आदि प्रकार के योग कर जवान और अधिकारियों ने स्वस्थ रहने का संदेश दिया।

अंत में आरएएफ 101 बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी नरेंद्र कुमार ने कहाकि जवान और अधिकारियों को योग अनिवार्य रूप से करना चाहिए। योग एक ऐसी सुलभ एवं प्राकृतिक पद्धति है जिससे स्वस्थ मन एवं शरीर के साथ-साथ आध्यात्मिक लाभ भी प्राप्त किया जा सकता है। इस अवसर पर उप कमांडेंट विनोद कुमार, बृजेश दुबे, प्रदीप पाठक, सरोज कुमार, सहायक कमांडेंट संजीत कुमार, संतोष कुमार आदि शामिल रहे।

# Photos of Deployment/Fam-Ex/Other Activities of RAF





सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।